राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>बिहार लोक भवन, पटना–800022</u>

संख्या–69/2026

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

<u>युद्ध नहीं बुद्ध : बिहार ने दिया विश्व कल्याण का मंत्र– राज्यपाल</u>

पटना 30 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि "युद्ध नहीं, बुद्ध" की भावना ही बिहार की महान सांस्कृतिक विरासत का सार है। यही वह भूमि है, जहाँ बोधगया में भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई और उन्होंने समस्त मानवता को सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा और शांति का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शन ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और विश्व कल्याण के आधारस्तंभ हैं। उनके द्वारा प्रतिपादित अष्टांगिक मार्ग मानव जीवन को संतुलित, नैतिक, सार्थक और उद्देश्यपूर्ण दिशा प्रदान करता है।

राज्यपाल ने कहा कि आज के अशांत और संघर्षपूर्ण समय में भगवान बुद्ध के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। "युद्ध नहीं, बुद्ध" का संदेश हमें हिंसा से दूर रहकर संवाद, सहिष्णुता और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, जो विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए अनिवार्य है।

राज्यपाल ने कहा है कि भगवान बुद्ध को बिहार के बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई और उन्होंने हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा और शांति का संदेश दिया। उनके उपदेशों में विश्व कल्याण के मंत्र छिपे हुए हैं। उनके द्वारा प्रतिपादित अष्टांगिक मार्ग मानव जीवन को संतुलित, सार्थक और उद्देश्यपूर्ण दिशा प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर हमें उनके संदेशों और शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात कर शांतिपूर्ण, समतामूलक और समावेशी समाज के निर्माण में अहम योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।

....